कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन/फैक्स 0135-2608646

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/COVID-19/2020/ 249 दिनांक : 07 मई , 2020

सेवा में,

1. समस्त जिला अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तराखण्ड।

विषयः– कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण जांच हेतु सैम्पलों की संख्या बढाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि वर्तमान मे कोरोना वायरस संक्रमण एक महामारी के रूप में प्रसारित हो रहा है। उत्तराखण्ड राज्य में भी आतिथि तक 61 रोगियों में कोविड–19 संकमण की पुष्टि हो गयी है। संकमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु संदिग्ध व्यक्तियों को समय पर चिन्हित किया जाना आवश्यक है। इस कार्य के लिए फैसिलिटी क्वारेन्टाइन में रखे गये व्यक्तियों, Asymptomatic direct and High-Risk Contact of Positive Cases, तथा SARI/ILI से ग्रसित रोगियों के सैम्पल ICMR Guidelines के अनुसार जॉच हेतु भेजा जाना प्राथमिकता है।

राज्य स्तर पर की गयी समीक्षा के दौरान जनपदों द्वारा सैम्पल लेने की दर का आंकलन किया गया है, जिसके अनुसार देहरादून जनपद को छोडकर अन्य जनपदों की औसत दर देश के औसत दर से काफी कम है। राज्य में सैम्पल कम भेजे जाने के सम्बन्ध में रेखांकित किये गये जनपदों में प्रति लाख जनसंख्या के सापेक्ष औसत Sample collection rate का विवरण निम्नवत है :

District	Total Samples Reported till date	Samples/Lakh
Almora	104	16.7
Bageshwar	25	9.6
Chamoli	26	6.6
Champawat	53	20.4
Dehradun	3251	191.6
Haridwar	1349	71.4
Nainital	862	90.3
Pauri Garhwal	96	14.0
Pithoragarh	18	3.7
Rudraprayag	31	12.3
Tehri Garhwal	41	6.6
US Nagar	1365	82.8
Uttarkashi	187	56.7
Private Lab	441	0.0
Uttarakhand	7849	77.7
India	1276781	98.2

उपरोक्त तालिका से यह प्रतीत हो रहा है कि जनपदों द्वारा आई.सी.एम.आर. की गाइडलाईन के अनुसार सैम्पल नहीं लिये जा रहे हैं, जबकि राज्य के अन्तर्गत जांच प्रयोगशालायें आवश्यकतानुसार उपलब्ध हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आई.सी.एम.आर. गाइडलाईन के अनुसार सभी संदिग्ध व्यक्तियों/रोगियों के सैम्पल जांच हेतु लिये जायें। कृपया इस सम्बन्ध में समुचित दिशा–निर्देश सम्बन्धित को निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

7/5/2020

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।

Scanned by CamScanner